# कार्यालय कुलसचिव
**वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय,**
**भरसार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड**
Website: uuhf.ac.in


पत्र सं0: UUHF/Reg./219/2026-27 दिनांकः 31.08.2026

**ज्ञापन**

अत्यंत दुःखी एवं भारी ह्रदय से सूचित किया जाता है कि औद्यानिकी महाविद्यालय, भरसार की बी.एस.सी. औद्यानिकी (चतुर्थ वर्ष) की छात्रा कुमारी मधु यादव का स्वास्थ्य संबंधित कारणों से दिनांक 30.08.2026 को आकस्मिक निधन हो गया है। इस हृदयविदारक घटना से संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार स्तब्ध एवं गहरे शोक में है।

दिनांक 30.08.2026 को अचानक छात्रा का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण तथा भरसार क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा या प्राथमिक चिकित्सा केंद्र का अभाव होने के कारण उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाबौ ले जाया गया। छात्रा के उपचार हेतु उपयुक्त चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पाबौ द्वारा छात्रा को तत्काल जिला चिकित्सालय पौड़ी तत्पश्चात जिला चिकित्सालय द्वारा श्रीनगर के लिए रेफर किया गया। इसी दौरान सूचना मिलने पर छात्रा के माता–पिता भी राजकीय चिकित्सालय, श्रीनगर पहुँच गए थे। श्रीनगर में डॉक्टरों द्वारा उपचार के दौरान छात्रा के स्वास्थ्य की नाजुक स्थिति को देखते हुए तथा उन्हे उच्च उपचार हेतु परिजनों की उपस्थिति में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया। किंतु दुर्भाग्यवश श्रीनगर से एम्स ले जाते समय छात्रा ने रास्ते में अंतिम सांस ली।

औद्यानिकी महाविद्यालय भरसार विषम और दुर्गम स्थान पर अवस्थित है जहाँ निकटतम स्थानों में आपातकालीन/उपयुक्त जीवन–रक्षक स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है । इस सुदूर क्षेत्र में त्वरित और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी के कारण छात्रा को समय पर उपयुक्त उपचार नहीं मिल पाया जिसके कारण से उन्हें बचाया नहीं जा सका।

कुमारी मधु यादव विश्वविद्यालय की एक अत्यंत होनहार, सौम्य और मेधावी छात्रा थीं। उनका इस प्रकार हम सभी के बीच से असमय चले जाना पूरे विश्वविद्यालय के लिए एक गहरा आघात है। इस कठिन समय में सहपाठी छात्र–छात्राओं का दुख और आक्रोश स्वाभाविक है।

इस विषम भौगोलिक स्थिति और परिसर में उपयुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीर समस्याओं के मद्देनजर विश्वविद्यालय लगातार शासन–प्रशासन से पत्राचार के माध्यम से उपयुक्त चिकित्सा सुविधा उपबध कराये जाने हेतु मांग करता रहा है । विश्वविद्यालय छात्र–छात्राओं की उचित मांग पर इस विषय को पुनः शासन–प्रशासन के समक्ष पुरजोर रूप से सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखेगा । इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर भी समर्पित चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया विश्वविद्यालय में पूर्व से ही गतिमान है, शीघ्र ही इसको अंतिम रूप दे दिया जायेगा ।

विश्वविद्यालय परिवार कु. मधु यादव के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक एवं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता है तथा उनकी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करता है । विश्वविद्यालय परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे, अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति, धैर्य एवं साहस भी प्रदान करे ।

यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना विश्वविद्यालय परिवार के लिए एक अत्यंत पीड़ादायक, दुखद और अपूरणीय क्षति का विषय है। **विश्वविद्यालय परिसर तथा निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्रों में उपयुक्त चिकित्सा सुविधा के अभाव के कारण उत्पन्न इस अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना की विश्वविद्यालय प्रशासन विनम्रता से खेद प्रकट करता है।**

(एस0पी0 सती)
कुलसचिव